b>

Title: Need for early commissioning of National Bureau of Agriculturally-Important Micro-Organism at Mau, Uttar Pradesh.

श्री बालकृण चौहान (घोसी) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र घोसी, जिला मऊ (उ.प्र.) में प्रस्तावित राट्रीय गन्ना एवं चीनी प्रोद्योगिकी संस्थान के निर्मित इन्फ्रास्ट्रक्चर को 27 जनवरी, 2000 के वित्त मंत्रालय की सिफारिश के अनुसार भारतीय कृाि अनुसंधान परिाद को अंतरित करने की ओर दिलाना चाहता हूं।

उक्त अंतरण के संबंध में प्रश्नों के माध्यम से बार-बार उत्तर आया कि विचार किया जा रहा है। तीन वर्ाों से अधिक समय तक विचार करने के बाद एन.आई.एस.एस.टी., मऊ का अंतरण सैद्धांतिक रूप में आई.सी.ए.आर. को होने के बावजूद अभी तक आई.सी.ए.आर. द्वारा प्रस्तावित नैशनल ब्यूरो ऑफ एग्रीकल्चरली इम्पोर्टैंट माइक्रो आर्गेनिज्म (NBAIM) का प्रारंभ नहीं हुआ, जिससे क्षेत्रीय जनता में घोर असंतोा है।

अतः सरकार से मेरी मांग है कि आई.सी.ए.आर. के संस्थान एन.बी.ए.आई.एम. को तत्काल प्रारंभ करें।